उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 29.10.2024

महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

'मिशन शक्ति' फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरुक-

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में आज दिनांक- 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102** एम्बुलेंस सेवा **108** व साइबर हेल्पलाइन **1930** तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए **24** घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-**1930** की जानकारी देकर किया गया जागरुक।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 29.10.2024

मीडिया सेल, महोबा

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 29.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत महिलाओं/बालिकाओं एवं छात्राओं को जागरुक किया गया-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में महिला सुरक्षा, महिला सम्मान व महिला स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत आज दिनांक-29.10.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों में गठित मिशन शक्ति बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा थानाक्षेत्र के विभिन्न स्कूल, कालेजों एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं, बालिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया है।

इस दौरान मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत महिला उत्पीड़न, महिला अपराध पर प्रभावी रोकथाम हेतु शासन एवं पुलिस द्वारा किये जा रहे विभिन्न प्रयासों एवं उनसे संबंधी अधिकारों एवं की जाने वाली कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी साथ महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया है।

समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 की जानकारी देकर जागरुक किया गया है।

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 29.10.2024

मीडिया सेल, महोबा

महोबा पुलिस द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती।राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए दिलायी गयी शपथ।

पुलिस लाइन महोबा में "रन फोर यूनिटी" कार्यक्रम का किया गया आयोजन

आज दिनांक **29.10.2024** को लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती को "राष्ट्रीय एकता दिवस" के रुप में मनाया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने "मन की बात" कार्यक्रम में इसका उल्लेख किया था और कहा था कि 31 अक्टूबर, 2024 को दीपावली का त्यौहार होने और इस दिन कार्यालयों में छुट्टी होने के कारण **Run for Unity** का आयोजन 29.10.2024 को किया जाएगा।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महोबा में लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के चित्र का अनावरण कर माल्यार्पण किया गया तथा उपस्थित कर्मियों को सरदार पटेल जी की जीवनी के बारे में बताते हुये सभी को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व सुरक्षा की शपथ दिलाते हुए राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर "राष्ट्रीय एकता दिवस" के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक के नेतृत्व में "रन फोर यूनिटी" कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन, महोबा में एकता दौड़ (**Run For Unity)** का आयोजन किया।

इस एकता दौड़ में पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण सहित आम जनमानस द्वारा प्रतिभाग कर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

साथ ही लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल जी की जयंती के अवसर पर जनपद के समस्त थानों/कार्यालय पर सम्बन्धित क्षेत्राधिकारीगण एवं थाना प्रभारियों द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर थाने में उपस्थित सभी कर्मिकों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता व सुरक्षा की शपथ दिलायी गयी।

- राष्ट्रीय एकता की शपथ-

"मैं सत्य निष्ठा से शपथ लेता हूं कि मैं राष्ट्र की एकता अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा । मैं शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूं, जिसमें सरदार बल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने की भी सत्य निष्ठा से संकल्प करता हूं।" की शपथ दिलाई गई ।

महोबा पुलिस

थाना खरेला की पुलिस टीम ने अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 28.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गोड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष खरेला सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा संयुक्त पुलिस टीम का गठन किया गया।

उ0नि0 राजकुमार के नेतृत्व मे गठित प्रथम पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त रुप सिंह खंगार पुत्र गजराज सिंह उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम बरांय थाना खरेला जनपद महोबा, जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा देशी 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नायायज बरामद करते हुए नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में पीआरवी 1269 के कर्मचारीगण का0 चेतपाल कमाण्डर व का0 अनिल कुमार सबकमाण्डर द्वारा प्राप्त इवेन्ट की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुँचे तो देखा कि पति-पत्नी के मध्य घरेलू बातो को लेकर विवाद हो रहा था तथा पति रामफल पुत्र स्व0 भूरा अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सलुआ थाना खरेला जनपद महोबा अपनी पत्नी रामलली को तलवार लेकर मारने की धमकी दे रहा था । मौके पर कोई संगीन घटना कारित न कर दे इस पर पीआरवी के कर्मचारीगण उपरोक्त द्वारा रामफल पुत्र स्व0 भूरा अहिरवार उपरोक्त को हिरासत पुलिस में गया। जिसके कब्जे से 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस 315 व 01 अदद तलवार नाजायज बरामद हुई है।

गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0स0 127/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट व मु0अ0स0 128/24 धारा 3/4/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. रुप सिंह खंगार पुत्र गजराज सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बरायं थाना खरेला जनपद महोबा
2. रामफल पुत्र स्व0 भूरा अहिरवार उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम सलुआ थाना खरेला जनपद महोबा

गिरफ्तार करने वाली प्रथम पुलिस टीम-

1. उ0नि0 राजकुमार
2. का0 सचिन यादव

गिरफ्तार करने वाली द्वितीय पुलिस टीम-

1.कमाण्डर का0 चेतपाल
2.सब कमाण्डर का0 अनिल कुमार